RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com


# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 321 | नागौर, 01 नवम्बर, 2022 (मंगलवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition





## मोरबी हादसे में पुलिस ने मैनेजर सहित 9 लोगों को किया गिरफ्तार, आगे की जांच जारी

मोरबी।





गुजरात के मोरबी जिले में मच्छू नदी पर केबल पुल गिरने के मामले में सोमवार को 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। रविवार को हुए केबल ब्रिज हादसे में अब तक 134 लोगों की मौत हो चुकी है। मोरबी पुलिस ने बताया कि घटना के संबंध में हमने अब तक 9 लोगों को गिरफ्तार किया है और आगे की जांच जारी है। राजकोट रेंज के पुलिस महानिरीक्षक अशोक यादव ने कहा कि हमने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर 9 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में ओरेवा कंपनी के मैनेजर और टिकट क्लर्क शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमने इस मामले में ओरेवा कंपनी के दो मैनेजर, दो टिकट क्लर्क, दो कांट्रैक्टर और तीन सुरक्षा गार्ड को गिरफ्तार किया है। इससे पहले उन्होंने बताया था कि हादसे से संबंधित 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और आगे की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा था कि इस मामले पर जल्द ही पुलिस मीडिया को जानकारी साझा करेगी।

## सरदार पटेल की जयंती पर बोले प्रधानमंत्री मोदी, कहा- भारत की 'एकता' से हमारे दुश्मन दुखी हैं, मोरबी हादसे पर भी जताया दुख



सरदार पटेल की जयंती को 'एकता दिवस' के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने जनता को संबोधित किया उस दौरान उन्होंने गुजरात के मोरबी में केबल पुल के टूटने से हुए हादसे पर भी अपनी पीड़ा साझा की। गुजरात के मोरबी शहर में माच्छू नदी पर बने केबल पुल के टूटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर सोमवार को 134 हो गई। इस दर्दनाक हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र ने अपनी मनोदशा व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मैं केवड़िया में हूं, लेकिन मेरे जेहन में मोबरी पुल हादसा पीड़ितों का ख्याल है। पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति देने के लिए देशभर से मंडलियां केवड़िया आईं, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए उनका कार्यक्रम रद्द कर दिया गया है। सरदार पटेल की जयंती को 'एकता दिवस' के रूप में मनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भारत की ''एकता'' से हमारे दुश्मन दुखी हैं, उन्होंने अतीत में जब भी हम पर शासन किया, इसे तोड़ने की कोशिश की।

## राहुल समेत अन्य 'भारत यात्रियों' ने दो मिनट का मौन रखा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने यहां 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान गुजरात के मोरबी शहर में पुल हादसे में मारे गए लोगों की याद में दो मिनट का मौन रखा। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर और सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, ''भारत जोड़ो यात्रा का चौथा दिन शादनगर में सुबह साढ़े पांच बजे शुरू हुआ।

भारत यात्रियों ने सरदार पटेल और इंदिरा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की और फिर गुजरात में मोरबी पुल त्रासदी में मारे गए लोगों की याद में दो मिनट का मौन रखा।''

गुजरात के मोरबी शहर में रविवार की शाम माच्छू नदी पर बने केबल पुल के टूटने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 130 से अधिक हो गई है। यह पुल करीब एक सदी पुराना था और मरम्मत एवं नवीनीकरण कार्य के बाद इसे आमजन के लिए पांच दिन पहले ही खोला गया था। पुल रविवार शाम करीब साढ़े छह बजे टूट कर नीचे गिर गया। कांग्रेस पार्टी से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी ने सोमवार सुबह यहां से पदयात्रा शुरू की और उनके करीब 22 किलोमीटर की दूरी तय करने का कार्यक्रम है।

## रेवेन्यु कमाने के चक्कर में बिना सर्टिफिकेट खोला पुल : गहलोत



जयपुर।

राजस्थान के सीएम और गुजरात चुनाव में कांग्रेस के सीनियर ऑब्जर्वर अशोक गहलोत वहां कांग्रेस के प्रभारी रघु शर्मा के साथ गुजरात के मोरबी पहुंचे। इससे पहले अहमदाबाद एयरपोर्ट पर मीडिया से रूबरू होकर गहलोत ने कहा अभी-अभी खबर मिली है मोरबी में 190 लाशें मिल चुकी हैं। मीडिया में जो खबरें मिल रही हैं उससे और ज्यादा लाशें मिलने की सम्भावना है। बहुत दुखद घटना है। मुआवजा अपर्याप्त है। इसमें कैलेमिटी नहीं है, प्राकृतिक प्रकोप नहीं है। ये तो लापरवाही का नमूना है। लापरवाही किस स्तर पर हुई है ये अलग बात है। लापरवाही का नमूना है तो उसी ढंग से सरकार को अधिकतम मदद करनी चाहिए। प्रधानमंत्री रिलीफ फंड से भी अलग से मदद मिलनी चाहिए। अभी सुना है कि 4 लाख रुपए राज्य सरकार, 2 लाख रुपए पीएम रिलीफ फंड से आ रहे हैं, जो बहुत ही अपर्याप्त हैं। कम से कम 10 लाख रुपए राज्य सरकार और 5 लाख रुपए पीएम रिलीफ फंड से मिलने चाहिए। इसके अलावा और भी मदद मिले, वो भी कम है। क्योंकि इन लोगों की कोई गलती या दोष नहीं है। जो हादसे में हताहत हुए हैं। ये प्राकृतिक प्रकोप नहीं है। सरकार को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। गहलोत ने कहा- एसडीआरएफ की टीमों को हादसे के बाद मौके पर आने में देरी हो गई। लेकिन स्थानीय लोगों ने कोई कमी नहीं रखी। वो धन्यवाद के पात्र हैं। सवाल यह भी है कि लोकल ऑथोरिटी ने परमिशन नहीं दी तो ब्रिज पर लोगों को अलाऊ क्यों किया। ठेकेदार तो पैसा कमाने में लग जाता है। ऑथोरिटी को ध्यान रखना चाहिए था जब तक परमिशन नहीं थी, तब तक ब्रिज पर लोगों को अलाऊ नहीं करना चाहिए था। बहुत बड़ा हादसा हुआ है। पूरे देश के लोग चिन्तित हैं बहुत लोगों को आघात लगा है। गहलोत ने कहा- तमाम फैसले तत्काल होने चाहिए। कल कोई कमेटी बनी है, उससे काम नहीं चलेगा। कम से कम हाईकोर्ट के सिटिंग जज से टाइम बाउंड इन्क्वायरी होनी चाहिए। ताकि टाइमली लोगों को मालूम पड़े कि क्या दोष था। लापरवाहों को पनिशमेंट मिल सके।



## अमित शाह ने 'रन फॉर यूनिटी' को दिखाई हरी झंडी, कहा- अगर पटेल साहब ना होते तो आज के विराट भारत का अस्तित्व भी शायद ना होता

नई दिल्ली

देश की एकता और अखंडता के पर्याय भारत रत्न सरदार पटेल जी की जयंती पर गुजरात एजुकेशन सोसाइटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूँ। 'राष्ट्रीय एकता दिवस' पर मेजर ध्यानचंद स्टेडियम से रन ऑफ यूनिटी 4 को फ्लैग ऑफ किया और साथ ही सभी को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलाई। आइये हम सभी सरदार साहब के दिखाए मार्ग पर समर्पित भाव से चल राष्ट्र की एकता, अखंडता व सुरक्षा को बनाये रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दें। आज मोदी जी के नेतृत्व में देश गुलामी की सभी निशानियों से मुक्त होकर समृद्ध, सशक्त व सुरक्षित भारत की दिशा में आगे बढ़ रहा है। सरदार पटेल समस्त देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है, कई वर्षों तक उनको भुलाने के प्रयास के बावजूद भी सरदार के व्यक्तित्व ने उन्हें अमर बनाये रखा है।

सरदार साहब ने अपनी कुशल राजनीतिक क्षमता से 500 से अधिक रियासतों को जोड़ एक भारत के सपने को चरितार्थ किया।

## मतदाता सूची डेटा को आधार से जोड़ने के केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट सोमवार को केंद्र के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया है, जो मतदाता सूची डेटा को आधार पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ने में सक्षम बनाता है। न्यायमूर्ति एस के कौल और न्यायमूर्ति अभय एस ओका की पीठ ने पूर्व मेजर जनरल एस जी वोम्बतकेरे द्वारा दायर याचिका को इसी तरह के लंबित मामले के साथ टैग किया है। पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता ने 2019 के आधार फैसले पर ध्यान आकर्षित करने के लिए यह तर्क दिया है कि केवल अगर कुछ लाभ प्रदान करने की मांग की जाती है तो आधार अनिवार्य हो सकता है, लेकिन अधिकारों से इनकार नहीं किया जा सकता है। वोट का अधिकार ऐसे अधिकारों में सर्वोच्च है। पीठ ने कहा, उनके द्वारा दो अन्य याचिकाएं भी दायर की गई हैं और कुछ अतिव्यापी हो सकती हैं।

## अर्थव्यवस्था में मजबूती के संकेत, सितंबर में 7.9 प्रतिशत रही बुनियादी क्षेत्रों की वृद्धि

नई दिल्ली।

प्रतिकूल परिस्थियों के बाद भी देश की अर्थव्यवस्था में निरंतर प्रगति हो रही है। इसका संकेत सितंबर में कोर सेक्टर का उत्पादन डाटा से मिलता है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में कोर सेक्टर का उत्पादन 7.9 प्रतिशत रहा। कोयला, उर्वरक, सीमेंट और बिजली सेक्टर के बेहतर प्रदर्शन के कारण आठ बुनियादी ढांचा क्षेत्रों का उत्पादन सितंबर में 7.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा, जो पिछले साल इसी महीने में 5.4 प्रतिशत था।

अगस्त में प्रमुख क्षेत्रों की उत्पादन वृद्धि 4.1 प्रतिशत रही। आठ बुनियादी ढांचा क्षेत्रों कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और इलेक्ट्रिसिटी की ग्रोथ चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-सितंबर के दौरान 9.6 प्रतिशत थी, जो एक साल पहले 16.9 प्रतिशत थी।

### क्या होते हैं कोर सेक्टर

कोर सेक्टर अर्थव्यवस्था के आधारभूत क्षेत्र माने जाते हैं। ये आठ हैं। इनमें कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, स्टील, सीमेंट और बिजली शामिल हैं।

### पिछले महीने के मुकाबले कोर सेक्टर में सुधार

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, सीमेंट, कोयला, उर्वरक, बिजली, इस्पात और रिफाइनरी उत्पाद उद्योगों का उत्पादन सितंबर में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में बढ़ा है। सरकार ने अपनी विज्ञप्ति में कहा कि जून 2022 के लिए आठ प्रमुख उद्योगों के सूचकांक की अंतिम वृद्धि दर को इसके अस्थायी स्तर 12.7 प्रतिशत से संशोधित कर 13.1 प्रतिशत कर दिया गया है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अप्रैल-सितंबर 2022-23 के दौरान आईसीआई की संचयी वृद्धि दर 9.6 प्रतिशत थी।



### किस सेक्टर में कितनी बढ़ोतरी

कोयला उत्पादन सितंबर, 2022 में 12 .0 प्रतिशत बढ़ा। कच्चे तेल का उत्पादन सितंबर, 2022 में सितंबर, 2021 की तुलना में 2 .3 प्रतिशत कम हो गया। प्राकृतिक गैस का उत्पादन सितंबर, 2022 में एक साल पहले की तुलना में 1 .7 प्रतिशत घट गया। पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद सितंबर, 2022 में पिछले साल के मुकाबले 6 .6 प्रतिशत बढ़े। उर्वरक उत्पादन सितंबर, 2022 में सितंबर, 2021 की तुलना में 11 .8 प्रतिशत बढ़ा। स्टील का उत्पादन सितंबर, 2021 की तुलना में 6 .7 प्रतिशत बढ़ा। सीमेंट उत्पादन में 12 .1 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जबकि बिजली उत्पादन सितंबर, 2021 की तुलना में 11 .0 प्रतिशत की बढ़ा।

## रेप की जांच के लिए टू-फिंगर टेस्ट पर रोक

नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने रेप केस में टू-फिंगर टेस्ट के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस हेमा कोहली की बेंच ने यह चेतावनी भी दी है कि इस तरह के टेस्ट करने वाले व्यक्तियों को कदाचार का दोषी ठहराया जाएगा। बेंच ने कहा कि दुर्भाग्य है कि यह टेस्ट आज भी जारी है। बेंच ने स्वास्थ्य मंत्रालय को निर्देश दिया है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी स्थिति में यौन उत्पीड़न या रेप सर्वाइवर का टू फिंगर टेस्ट नहीं होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना हाईकोर्ट के उस फैसले के खिलाफ सुनवाई की, जहां कोर्ट ने आरोपियों को रिहा कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने इन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बेंच ने एक रेप केस में फैसला सुनाते हुए कहा कोर्ट ने बार-बार रेप केस में टू फिंगर टेस्ट नहीं करने आदेश दिया है। इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। इसके बजाय यह महिलाओं को बार-बार रेप की तरह ही प्रताड़ित करता है। यह टेस्ट एक गलत धारणा पर आधारित है कि एक सेक्शुअली एक्टिव महिला का बलात्कार नहीं किया जा सकता है।

## सम्पादकीय



# जोखिम की उड़ान

हवाई सेवाओं का उपयोग लोग इसलिए करते हैं कि आने-जाने में समय बचता है। जिन जगहों पर रेल से पहुंचने में दो दिन लगते हैं, वहां एक ही दिन में पहुंच कर वापस भी आया जा सकता है। इसलिए कामकाजी व्यस्तता बढ़ने की वजह से अब बहुत सारे लोगों के लिए हवाई यात्रा अधिक सुविधाजनक महसूस होती है। हवाई यात्रा के प्रति लोगों के बढ़ते रुझान को देखते हुए तमाम विमानन कंपनियों ने अपने बेड़े और सेवाओं में तेजी से विस्तार किया है। छोटे-छोटे शहरों तक हवाई सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। हवाई यात्रा में यात्री सुरक्षा का इंतजाम उनकी साख से जुड़ा होता है।

मगर इधर कुछ महीनों से इसी साख में बट्टा लगता नजर आ रहा है। एक महीने में कई हवाई जहाजों को सुरक्षा कारणों से आपातकालीन स्थिति में उतारना पड़ा है। ताजा मामला इंडिगो के दिल्ली से बंगलुरु जा रहे विमान में चिंगारी फूटने के चलते उड़ान भरने से रोकने का है। गनीमत है कि इसमें कोई बड़ा हादसा होने से टल गया और सभी मुसाफिरों को सुरक्षित उतार लिया गया। बताया जा रहा है कि हवाई पट्टी पर दौड़ते समय विमान में तकनीकी खराबी आई और उसके बाएं हिस्से में चिंगारी फूट पड़ी।

ऐसी ही घटना पिछले दिनों पटना हवाईअड्डे से उड़ान भर चुके स्पाइस जेट के विमान में हुई थी, जब उसके डैनों में चिंगारी फूटी और लपट बन गई। जब विमान हवा में उड़ रहा था, तब उसके डैने से उठती आग की लपट को हवाईअड्डे के आसपास के रिहाइशी इलाकों के लोगों ने देखा और उसके बाद उस विमान को आपातकालीन स्थिति में उतारा गया। इस तरह उसमें भी कोई बड़ा हादसा होने से बच गया।

पिछले कुछ समय में ऐसी कई घटनाएं हुई हैं, जिनमें सबसे अधिक स्पाइस जेट के विमान शामिल थे। कुछ मामलों में डीजीसीए ने स्पाइस जेट के खिलाफ कड़ा रुख भी अपनाया है। अब इंडिगो में भी वैसी ही घटना हो गई। इसे लेकर विमान सेवाओं में यात्री सुरक्षा पर सवाल गहरे होने लगे हैं। निस्संदेह डीजीसीए इस मामले की जांच करके संबंधित विमानन कंपनी पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का प्रयास करेगा, मगर इससे मुसाफिरों का जो विश्वास डिगा है, उसकी भरपाई में लंबा वक्त लगेगा। यों तो जब भी किसी विमान को उड़ान भरने की इजाजत दी जाती है, तो उसके तमाम तकनीकी पक्षों की गंभीरता से जांच की जाती है। फिर भी किन्हीं विषम परिस्थितियों में हादसे की आशंका बनी रहती है। चूंकि विमान जमीन से काफी ऊंचाई पर उड़ान भर रहे होते हैं, इसलिए ऊपर किसी भी तरह की तकनीकी खराबी बड़े हादसे का सबब बन सकती है। इसके मद्देनजर चालक दल की कुशलता से लेकर विमान की स्थिति आदि को बहुत बारीकी से जांचा-परखा जाता है। विमानों के बाहरी हिस्से में आग लगने की घटनाएं कई वजहों से हो सकती हैं।

किसी पक्षी के उसके प्रोपेलर में फंस जाने, उसके डैने से टकरा जाने या किसी अन्य वस्तु के उससे टकराने से भी आग लगने की घटना हो सकती है। हवाईअड्डों पर इन बातों का पूरा ध्यान रखा जाता है। ऊपर पहुंचने के बाद ऐसी किसी वस्तु के टकराने का खतरा नहीं रहता। मगर हैरानी है कि कैसे हवाई पट्टी पर ही दौड़ते हुए विमानों में चिंगारी फूटने की घटनाएं हो गईं। अगर हवाईअड्डों पर ही ऐसी टकराने वाली स्थितियों को रोकने में लापरवाही बरती गई, तो यह बहुत गंभीर बात है।

# घरेलू बाजार में चीनी चुनौतियां

**चीन से आयात घटाने और व्यापार असंतुलन कम करने के लिए सरकार की तरफ से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, मगर अब तक कोई उल्लेखनीय परिणाम नहीं मिल पाया है। हाल ही में चीन के सीमा शुल्क विभाग की ओर से प्रकाशित भारत-चीन के द्विपक्षीय व्यापार संबंधी आंकड़ों के मुताबिक दोनों देशों के बीच पिछले नौ महीनों के दौरान द्विपक्षीय कारोबार 103.63 अरब डालर का हुआ है। इसमें चीन से भारत के लिए निर्यात 89.66 अरब डालर का हुआ, जिसमें इकतीस फीसद की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, इस अवधि में भारत से चीन के लिए केवल 13.97 अरब डालर का निर्यात हुआ और इसमें 36.4 फीसद की गिरावट आई है। ऐसे में भारत का व्यापार घाटा बढ़ कर 75.69 अरब डालर हो गया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष दोनों देशों के बीच पूरे वर्ष में 125 अरब डालर का द्विपक्षीय कारोबार हुआ था। उसमें चीन का भारत के लिए निर्यात 46.2 फीसद बढ़ कर 97.52 अरब डालर था, जबकि भारत से चीन के लिए निर्यात 34.2 फीसद बढ़ कर 28.14 अरब डालर था। इस अवधि में भारत का व्यापार घाटा 69.38 अरब डालर हुआ था। ऐसे में स्पष्ट है कि इस वर्ष चीन से व्यापार घाटा और व्यापार असंतुलन और बढ़ेगा।**

**चीन** से बढ़ता व्यापार घाटा देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती है। खासकर एक ऐसे समय में जब डालर की तुलना में रुपया लुढ़कता दिखाई दे रहा है और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आ रही है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढ़ कर चीन से बढ़ते आयात और व्यापार घाटे के परिदृश्य को बहुत कुछ बदल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि चीन से भारत आने वाले सामान में विभिन्न उद्योगों के उत्पादन में काम आने वाले कच्चे माल, रसायन, दवाइयां, इलेक्ट्रिक और इलेक्ट्रानिक जैसे सामान की अधिकता है। चीन से भारत द्वारा किए जाने वाले कुल आयात का एक बड़ा हिस्सा पशु या वनस्पति वसा, अयस्क, लावा और राख, खनिज ईंधन, अकार्बनिक रसायन, कार्बनिक रसायन, उर्वरक, रंगाई के अर्क, विविध रासायनिक उत्पाद, प्लास्टिक, कागज और पेपरबोर्ड, कपास, कपड़े, जूते, कांच और कांच के बने पदार्थ, लोहा और इस्पात, तांबा, परमाणु रिएक्टर, बायलर, मशीनरी और यांत्रिक उपकरण विद्युत मशीनरी और फर्नीचर से संबंधित है।

इन वस्तुओं का चीन से आयात लगातार बढ़ा है। इतना ही नहीं, चीन से त्योहारी उत्पादों का भी भारत में आयात बढ़ा है। पिछले दो-तीन महीनों में देश के त्योहारी बाजारों में चीन का प्रभुत्व दिखाई दिया। हालांकि पिछले दिनों दीपावली के समय देश के कोने-कोने में बाजार स्थानीय स्वदेशी उत्पादों से सजे दिखाई दे रहे थे, लेकिन फिर भी चीन के वर्चस्व को तोड़ने की चुनौती बनी रही। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार इस साल अगस्त 2022 में चीन से एलईडी लाइट और लैंप का 72 लाख डालर मूल्य का आयात किया गया, जबकि पिछले साल अगस्त 2021 में इनका आयात मूल्य करीब बयालीस लाख डालर था। इस वर्ष अगस्त 2022 में चीन से 19.7 लाख डालर मूल्य की उपहार सामग्री का आयात किया गया, जबकि पिछले वर्ष अगस्त 2021 में इक्यासी हजार डालर मूल्य की उपहार सामग्री मंगाई गई थी।

गौरतलब है कि रक्षा बंधन, जन्माष्टमी, गणेश चतुर्थी, नवदुर्गा, दशहरा और दीपावली पर इस्तेमाल होने वाली वस्तुएं मुख्य रूप से अप्रैल से अगस्त माह में आयात कर ली जाती हैं। ऐसे में इस वर्ष त्योहारी बाजार में पिछले वर्ष की इसी अवधि के मुकाबले करीब 28 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साथ ही अगस्त 2022 में चीन से होने वाले आयात में पैंतालीस फीसद वृद्धि हुई है। कारोबारियों के मुताबिक अधिक कीमत चुकाने में सक्षम मध्यवर्ग के लोग खरीदारी में स्थानीय स्वदेशी वस्तुओं को प्राथमिकता दे रहे थे, जबकि निम्न आयवर्ग के लोग सस्ती चीनी वस्तुओं को। निस्संदेह चीन से बढ़ता व्यापार घाटा देश के लिए बड़ी आर्थिक चुनौती है। खासकर एक ऐसे समय में जब डालर की तुलना में रुपया लुढ़कता दिखाई दे रहा है और देश के विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आ रही है। ऐसे में हम रणनीतिक रूप से आगे बढ़ कर चीन से बढ़ते आयात और व्यापार घाटे के परिदृश्य को बहुत कुछ बदल सकते हैं। देश में अब भी दवाई उद्योग, मोबाइल उद्योग, चिकित्सा उपकरण उद्योग, वाहन उद्योग तथा विद्युत जैसे कई उद्योग बहुत कुछ चीन से आयातित माल पर आधारित हैं। हालांकि चीन के कच्चे माल का विकल्प तैयार करने के लिए पिछले दो वर्षों में सरकार



ने 'प्रोडक्शन लिंक्ड इनसेंटिव' (पीएलआइ) स्कीम के तहत चौदह उद्योगों को करीब दो लाख करोड़ रुपए का प्रोत्साहन दिया है। देश के कई उत्पादक चीन के कच्चे माल का विकल्प बनाने में सफल भी हुए हैं। इस डगर पर तेजी से आगे बढ़ना जरूरी है। उल्लेखनीय है कि अब विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) संबंधी नई अवधारणा और नई भंडारण नीति सितंबर 2022 के प्रावधानों के उपयुक्त क्रियान्वयन से सेज में उपलब्ध संसाधनों का पूरा उपयोग कर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए कम लागत पर गुणवत्तापूर्ण विनिर्माण किया जा सकेगा और चीन से आयात भी कम किए जा सकेंगे। दरअसल, अब सेज की नई अवधारणा के तहत अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय बाजार के लिए विनिर्माण करने वाले उत्पादकों को विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। सेज में खाली जमीन और निर्माण क्षेत्र का इस्तेमाल घरेलू तथा निर्यात विनिर्माण के लिए हो सकेगा। सेज में पूर्णकालिक पोर्टल के माध्यम से सीमा शुल्क भुगतान की सुविधा होगी तथा विनिर्माण शुरू करने के लिए जरूरी सभी प्रकार की मंजूरी भी वहीं दी जाएंगी। राज्यों को भी इस प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा। भंडारण की सुविधा बढ़ने से उत्पादन लागत कम होगी और भारतीय वस्तुएं अंतरराष्ट्रीय बाजार में आसानी से मुकाबला कर सकेंगीं। रेल, सड़क, बंदरगाह जैसी सुविधाओं के बड़े संजाल से भारतीय लागत वैश्विक स्तर की हो जाएगी और भारत को निर्यात आधारित अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिलेगी। निश्चित रूप से स्थानीय बाजारों में चीनी उत्पादों को टक्कर देने के लिए हमें उद्योग-कारोबार क्षेत्र की कमजोरियों को दूर करना होगा। 'मेक इन इंडिया' अभियान को आगे बढ़ा कर 'लोकल' उत्पाद को 'ग्लोबल' बना सकते हैं। स्वदेशी उत्पादों को चीनी उत्पादों से प्रतिस्पर्धी बनाने वाले सूक्ष्म आर्थिक सुधारों को लागू करना होगा। इसमें शोध और नवाचार पर अधिक ध्यान देना होगा। चीनी उत्पादों की जगह यथासंभव स्थानीय स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को जीवन का मूलमंत्र बना होगा। गौरतलब है कि वर्ष 2019-20 में चीन से तनाव के कारण जैसे-जैसे चीन की भारत के प्रति आक्रामकता और विस्तारवादी नीति सामने आई, वैसे-वैसे प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के उपयोग की लहर देश में बढ़ती दिखाई दी थी। देश भर में चीनी सामान का जोरदार बहिष्कार और सरकार द्वारा विभिन्न चीनी ऐपों पर प्रतिबंध, चीनी सामान के आयात पर नियंत्रण आदि से चीनी वस्तुओं की त्योहारी बाजार में मांग कुछ कम हो गई थी।

## व्यापार समाचार

# गौतम अडाणी ग्रीन एनर्जी से लेकर हेल्थकेयर सेक्टर में 12.36 लाख करोड़ रु निवेश करेंगे

नई दिल्ली।



एशिया के सबसे अमीर आदमी गौतम अडाणी ग्रीन एनर्जी, डेटा सेंटर्स, एयरपोर्ट्स और हेल्थकेयर सेक्टर में अपना बिजनेस बढ़ाना चाहते हैं। इसके लिए अडाणी ग्रुप का इन सभी सेक्टरों में 150 बिलियन डॉलर से ज्यादा (12.36 लाख करोड़ रुपए) का इन्वेस्टमेंट करने का प्लान है। अडाणी इस प्लान के जरिए अपने ग्रुप को 1 ट्रिलियन डॉलर के वैल्यूशन पर पहुंचाकर एलीट ग्लोबल क्लब ऑफ कंपनीज में शामिल होने का अपना सपना पूरा करना चाहते हैं। 10 अक्टूबर को वेंचुरा सिक्योरिटीज लिमिटेड की इन्वेस्टर्स मीट में अडाणी ग्रुप के सीएफओ जुगेशिंदर रॉबी सिंह ने ग्रुप के इन सभी ग्रोथ प्लान्स के बारे में डिटेल शेयर की थीं। जिसका खुलासा अब हुआ है।

**5 से 10 सालों में कई सारे बिजनेस में निवेश करेंगे अडाणी :** रॉबी सिंह ने बताया कि अडाणी ग्रुप का अगले 5 से 10 सालों में कई सारे बिजनेस में निवेश करने का प्लान है। ग्रुप हाइड्रोजन बिजनेस में 50-70 बिलियन डॉलर और ग्रीन एनर्जी बिजनेस में 23 बिलियन डॉलर का इन्वेस्टमेंट करने का प्लान बना रहा है। इसके अलावा ग्रुप इलेक्ट्रिक ट्रांसमिशन में 7 बिलियन डॉलर, ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी में 12 बिलियन डॉलर और रोड सेक्टर में 5 बिलियन डॉलर का इन्वेस्टमेंट करेगा।


**डेटा सेंटर बिजनेस में एंट्री करेंगे, एयरपोर्ट्स बिजनेस बढ़ाएंगे :** ग्रुप के सीएफओ ने आगे बताया कि अडाणी ग्रुप क्लाउड सर्विसेस के साथ डेटा सेंटर बिजनेस में एंट्री करने के लिए 6 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा। इसके लिए ग्रुप ने डेटा सेंटर बिजनेस करने वाली कंपनी ऐज कोनेक्स के साथ पार्टनरशिप की है। इसके अलावा अडाणी ग्रुप ने एयरपोर्ट्स बिजनेस में 9-10 बिलियन डॉलर का इन्वेस्टमेंट करने का प्लान भी बनाया है, जहां यह पहले से ही सबसे बड़ा निजी ऑपरेटर है।

**पेट्रोकेमिकल में 2 बिलियन डॉलर का इन्वेस्टमेंट प्लान :** रॉबी सिंह ने यह भी बताया कि सीमेंट सेक्टर में एंट्री के लिए ग्रुप ने 10 बिलियन डॉलर से ज्यादा का इन्वेस्टमेंट किया था।

ग्रुप आगे भी इस सेक्टर में निवेश करना जारी रखेगा। इसके अलावा अडाणी का पेट्रोकेमिकल सेक्टर में 2 बिलियन डॉलर इन्वेस्ट करने का प्लान भी है। जिसके जरिए वे 1 मिलियन टन प्रति वर्ष पीवीसी फैसिलिटी का सेट अप करना चाहते हैं।

**हेल्थकेयर और कॉपर सेक्टर में भी करेंगे निवेश :** सीएफओ ने बताया कि ग्रुप 1 बिलियन डॉलर के इन्वेस्टमेंट के साथ कॉपर सेक्टर में भी एंट्री करेगा, जिसके जरिए वे 0.5 मिलियन टन प्रति वर्ष स्मेल्टर का सेट अप करेंगे।

# शेयर बाजार : सेंसेक्स 787 अंक उछलकर 60,746 पर पंहुचा




मुंबई।

वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुझान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की तरफ से निवेश आने से सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भी तेजी का सिलसिला जारी रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 786.74 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की जोरदार बढ़त के साथ 60,746.59 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 826.85 अंक तक उछल गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का मानक सूचकांक निफ्टी भी 225.40 अंक यानी 1.27 प्रतिशत की बढ़त लेकर 18,012.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में अल्ट्राटेक सीमेंट, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी, सन फार्मा, एचडीएफसी बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, बजाज फिनसर्व और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, एनटीपीसी और इंडसइंड बैंक के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहा जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा।

अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट शुक्रवार को खासी बढ़त के साथ बंद हुए थे। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 95.47 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल रहे। उन्होंने शुक्रवार को 1,568.75 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे।

# इस साल नई आवासीय इकाइयों की आपूर्ति 44 प्रतिशत बढ़कर 3.4 लाख इकाई पर पहुंचने का अनुमान



**नई दिल्ली।** देश के सात प्रमुख शहरों में आवासीय परिसंपत्तियों की नई आपूर्ति इस साल 44 प्रतिशत बढ़कर 3.4 लाख इकाई पर पहुंचने की संभावना है।

संपत्ति सलाहकार एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, इस साल जनवरी से सितंबर के बीच सात प्रमुख शहरों में नयी इकाइयों की आपूर्ति 2.65 लाख इकाई पर पहुंच गई। इसमें राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (दिल्ली-एनसीआर), मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), बेंगलुरु, पुणे, चेन्नई, हैदराबाद और कोलकाता जैसे सात शहर शामिल हैं। सलाहकार कंपनी ने कहा कि मौजूदा रुझानों को देखते हुए इन शहरों में पूरे 2022 कैलेंडर वर्ष के दौरान आपूर्ति बढ़कर 3.4 लाख इकाई से अधिक हो जायेगी।

# रुपया 31 पैसे की गिरावट के साथ 82.78 प्रति डॉलर पर

मुंबई।

वैश्विक बाजारों में डॉलर के मजबूत होने के कारण अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को अमेरिकी मुद्रा की तुलना में 31 पैसे की गिरावट के साथ 82.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.35 पर खुला और बाद में इसने 82.32 के उच्च स्तर और 82.80 के निचले स्तर को भी छुआ। अंत में यह अपने पिछले बंद भाव के मुकाबले 31 पैसे की गिरावट के साथ 82.78 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 82.47 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती को आंकने वाला डॉलर सूचकांक 0.28 प्रतिशत की तेजी के साथ 111.05 पर था।

# अगले साल अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर आईएमएफ के अनुमान से बेहतर रहेगी : नागेश्वरन

नई दिल्ली।



मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने सोमवार को कहा कि पूंजी निर्माण गतिविधियां बढ़ने से अगले साल देश की आर्थिक वृद्धि दर अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के अनुमान से कहीं अधिक रहने की उम्मीद है। हाल ही में आईएमएफ ने 2023 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। आईएमएफ ने कहा था कि चालू साल में भारत की वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहेगी। नागेश्वरन ने इस संदर्भ में कहा कि उन्हें आने वाले वर्षों में वृद्धि दर इस अनुमान से कहीं अधिक रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि एक दशक तक सुस्त रहने के बाद भारत का पूंजी निर्माण चक्र आगे बेहतर प्रदर्शन करेगा।'' इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत के सार्वजनिक डिजिटल ढांचे ने संभवत: एक विचलन बिंदु को पार कर लिया है और यह देश की अर्थव्यवस्था को औपचारिक बनाने के साथ ही उच्च वृद्धि में भी योगदान देगा। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छह प्रतिशत के बुनियादी आंकड़े में 0.5-0.8 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो सकती है। नागेश्वरन ने कहा कि राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति में आमतौर पर एक-दूसरे से तालमेल होता है और दोनों एक-दूसरे को संतुलित करने का भी काम करती हैं। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ऋण के उच्च अनुपात की स्थिति पर मुख्य आर्थिक सलाहकार ने कहा कि इसे टिकाऊ रख पाना चिंता का विषय नहीं है और परिसंपत्ति मौद्रीकरण के साथ इसमें कमी की जा सकती है। उन्होंने कहा कि भारत परिसंपत्ति मौद्रीकरण से हासिल राशि का इस्तेमाल अपने कर्ज के बोझ को कम करने में कर सकता है जिससे देश की क्रेडिट रेटिंग भी बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि यह सबसे अच्छा राजकोषीय प्रोत्साहन होगा।

# आज का राशिफल

### मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद टालें। दोपहर के बाद परिस्थिति में सुधार आएगा।

### वृषभ
आर्थिक योजनाओं को ठीक तरह से पूरा कर सकेंगे। व्यापार या जॉब के सिलसिले में कहीं बाहर जाने का कार्यक्रम हो सकता है। सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है।

### मिथुन
नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है। मन में किसी बात की चिंता रह सकती है। दूसरों के साथ बातचीत करने में विशेष ध्यान रखें। व्यापार में कोई मुश्किल हो सकती है। भाग्य का सहकार कम ही मिलेगा।

### कर्क
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

### सिंह
आप कुछ ज्यादा ही इमोशनल रहेंगे। क्रोध पर संयम रखें। किसी तरह का आर्थिक लाभ आपको हो सकता है। व्यापार करने वालों के लिए आज का दिन लाभदायी है। काम की सफलता के कारण पदोन्नति और यश मिलेगा।

### कन्या
परिवार के साथ अच्छे भोजन का लुत्फ उठा पाएंगे। व्यापार में भागीदारों के साथ लाभदायी विचार-विमर्श होगा। दांपत्यजीवन आनंदयमय रहेगा। साहित्य-कला के प्रति आज आप में रुचि रहेगी।

### तुला
पेट से सम्बंधित परेशानी से शरीर अस्वस्थ रह सकता है। दोपहर के बाद आर्थिक संकट मिट सकता है। घर का वातावरण आनंदमय रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। व्यापार में आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
किसी बात की चिंता से आज शरीर भी शिथिल रहेगा। माता का भी स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। धन हानि के भी योग हैं। पानी से संभलकर चलें। यात्रा न करें।

### धनु
संतान के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। दोस्तों के साथ किसी खास चर्चा में व्यस्त रह सकते हैं। आज का दिन नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल है। आध्यात्मिक और ज्योतिष जैसे विषयों में आज आपकी रुचि बनी रहेगी।

### मकर
दोपहर के बाद ताजगी और प्रसन्नता का अभाव रहेगा। घर में कलेश का वातावरण रहेगा। विवाद से आपका सम्मान भंग हो सकता है। ध्यान रखें। परिजनों के साथ मनदुःख की स्थिति आ सकती है।

### कुंभ
वाणी पर संयम रखना होगा। काम में अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। मन में किसी बात को लेकर दुविधा रहेगी। काम का भार अधिक रहेगा। परंतु दोपहर के बाद किसी बात की खुशी मिल सकती है।

### मीन
आज आपको आर्थिक लाभ मिलने के संकेत हैं। किसी स्नेहीजन के घर मांगलिक प्रसंग में उपस्थित रहना होगा। किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्यजीवन में सुख और आनंद मिलेगा।

# स्टेट हाईवे 39 का कार्य अटका, हादसों को निमंत्रण दे रही है निर्माणाधीन सड़क


## अस्थमा के रोगी बढ़ा रहा है अधूरा रहा कार्य

फखरूद्दीन खोखर

**रूण( नागौर डेली न्यूज ) :** मारवाड़ मूंडवा से खजवाना, रूण,गागुड़ा, मेड़तारोड़ होते हुए मेड़ता सिटी जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य लगभग 4 महीने पहले शुरू हुआ था ,तब क्षेत्र के ग्रामीणों ,राहगीरों ,किसानों और वाहन चालकों को बेहद खुशी हुई थी कि जल्द ही यह कार्य संपूर्ण हो जाएगा और फर्राटे के साथ यहां वाहन चलेंगे, मगर पिछले एक महीने से मूंडवा से मेड़तारोड़ तक सड़क निर्माण का कार्य एकदम बंद है हालांकि मेड़ता सिटी और मेड़तारोड़ के बीच फिर से कार्य जरूर शुरू हुआ है।

**4 महीने पहले हुआ था कार्य शुरू :** क्षेत्र के ग्रामीणों की वर्षों पुरानी मांग को मद्देनजर रखते हुए 61.20 किलोमीटर इस सड़क के लिए 61.20 करोड़ रुपए की स्वीकृति के तहत केंद्र और राज्य सरकार के जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से मूंडवा से खजवाना, रूण, गागुड़ा मेड़तारोड़ होते हुए मेड़ता सिटी तक यह सड़क कुल 10 मीटर चौड़ी बनेगी जिसमें 7 मीटर चौड़ाई में डामर सड़क और और दोनों तरफ 3 मीटर पटरी बनाने का प्रावधान है। इसी प्रकार मूंडवा ,खजवाना रूण ,मेड़तारोड़,मेड़ता सिटी सहित अन्य गांवों में इस सड़क पर डामर की जगह सीसी सड़क भी बनेगी।

**निर्माणाधीन सड़क से यह हो रहा है नुकसान :** लगभग एक महीने से ज्यादा समय से इस सड़क मार्ग पर कार्य बंद होने से सड़क मार्ग पर ज्यादातर दुपहिया वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं, वहीं वाहनों के औवरटेक के समय धूल का गुबार देखने को मिलता है और समीप से गुजर रहे वाहन चालकों के चेहरे पर रेत और कंकर पड़ते रहते हैं ,इसी प्रकार कंकरी से वाहनों के फिसलने का डर ज्यादा रहता है,इससे हादसे की संभावना बनी रहती हैं। पिछले सप्ताह भी गांव रूण के सैयद नूर बाबा मोटरसाइकिल फिसलने से घायल हो गए थे। इसी प्रकार जनाणा फांटा से मूंडवा तहसील कार्यालय तक सड़क किनारे बसी हुई ढाणियों के किसानों की धूल के गुब्बार से हालत खराब हो गई है, किसान भारमल मुंडेल, गणपत राम, अनंदाराम ,गोविंदराम ,रामरतन सहित कई किसानों ने बताया कि इस धूल के गुबार से अस्थमा के रोगी बढ़ सकते हैं, इसीलिए इस सड़क का कार्य जल्दी से जल्दी शुरू होना चाहिए। वाहन चालक मांगू खान गोरी, नजीर अली, समीर खान, पप्पू भाकर , गोविंद भाकल सहित कई वाहन चालकों ने बताया इसमें ठेकेदार और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी होती हैं कि वाहन चालकों को परेशानी नहीं हो इसीलिए सड़क निर्माण कार्य होने तक धूल से बचाव के लिए पानी का छिड़काव रोजाना करवाना चाहिए। इसी प्रकार इंदोकली, नोखा चांदावता, ओलादन,सिराधना, देशवाल,गागुडा, और रूण के किसानों ने बताया कि मेथी की सीजन शुरू हो चुकी है ऐसे में हमें नागौर जाने के लिए रास्ता बदलकर 7 किलोमीटर का चक्कर लगाकर पालड़ी जोधा होते हुए मूंडवा जाना पड़ रहा है, ऐसे में पान मेथी की सीजन होने से हमारे समय और धन दोनों की बर्बादी हो रही है। इसी प्रकार कई सरकारी और गैर सरकारी कर्मचारी रोजाना निजी वाहनों से अप डाउन कर रहे हैं उन्हें भी बेहद परेशानी उठानी पड़ रही है।



**-क्या कहते हैं अधिकारी**

दीपावली की छुट्टियों की वजह से कार्य रुका हुआ था, वैसे यह बड़ा प्रोजेक्ट है इसमें कुछ समय तो लगता ही है, वैसे इसी सप्ताह में वापस कार्य शुरू करने के प्रयास चल रहे हैं।

**चतुर्भुज खुड़ीवाल,**
**अधिशासी अभियंता जायल**

# खेतों में खरीफ फसल के अन्तिम दिनों में ग्वार निकालने में जुटे किसान



अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** मूण्डवा में खरीफ फसल की कटाई के बाद खेतों में जगह-जगह थ्रेसर मशीनें मूंग, बाजरा व ग्वार निकाल रही है। वार्ड पार्षद रुकसाना ने बताया कि मशीनो से कटाई कर निकालने में किसानों को सुविधा हो रही है।

पहले कटाई और अनाज निकालने के लिए मजदूर आसानी से मिलने के कारण किसान पुरानी पद्धति बैलों से अनाज को निकालते थे। अब थ्रेसर का उपयोग किया जा रहा है। कृषि खेतों में मशीनीकरण का प्रभाव बढ़ता जा रहा है। किसान शीघ्रता से फसल कटाई कर निकालने के लिए भाड़े पर थ्रेसर मंगवा रहे हैं। हालात ऐसे बनते जा रहे है कि खेतों में किसानों को मजदूरों के बदले मशीनों से काम कराना ज्यादा फायदेमंद लग रहा है। आसान पंवार ने बताया कि फसल कटाई शुरू होते ही मजदूरों की किल्लत बढ़ जाती है। अधिक पैसा देने के बावजूद मजदूर नहीं मिलते। अब गांव-गांव में थ्रेसर मशीनों के आने से कृषि कार्य आसान हो गया है। किसानों को अपने खेतों में फसल कटाई व खलिहानों में निकालने का समय महीनों में पूरा होता था अब कुछ दिनों में पूरा हो जाता है। इससे लागत भी कम आती है पहले मजदूर अधिक लगाने के साथ-साथ पैसा भी अधिक लगता था जब से मशीन आई है तब से किसानों को मजदूर कम के साथ-साथ समय व पैसा सभी बच रहा है। इसलिए मजदूर के बजाए थ्रेसर मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

रविवार को ग्वार की फसल हाजी गुलाब खान, अल्लाह बक्स खोखर, सलीमबक्स, असरफ़ अली, आसान पंवार, जाकीर पंवार, निसार खोखर, हाजन बदी बानो रुकसाना, आसमीन, जमीला निकालने मे जुटे रहे।

# काठमांडू में नेपाल-मारवाड़ी ब्राह्मण सेवा संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारतीय मूल के व्यक्ति खासकर मारवाड़ियों की धमक पूरे विश्व में कही भी सुनी जा सकती है। विश्व के कोने-कोने में मारवाड़ी व्यवसाइयों और प्रवासियों ने अपनी अलग पहचान स्थापित की हुई है। भारतीय संस्कृति और सनातन को उन्होंने पूरजोर तरीके से स्थापित और संरक्षित करने में अपना पूरा योगदान दिया है। इसी प्रकार सुदूर देश नेपाल की राजधानी काठमांडू में नेपाल मारवाड़ी ब्राह्मण सेवा संघ का दीपावली स्नेह मिलन समारोह मारवाड़ी सेवा समिति काठमांडू में सम्पन्न हुआ। समारोह का शुभारम्भ नेपाल मारवाड़ी ब्राह्मण संघ के अध्यक्ष बजरंग लाल पारीक (बूडसू) व मारवाड़ी सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश गोयल, निवर्तमान अध्यक्ष अनिल शर्मा उपाध्यक्ष, शिवकुमार शर्मा ने भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर व पंडित नवरत्न शर्मा ने स्वस्तिवाचन कर किया। समारोह में कर्नाटक से आए दंडी स्वामी श्री शिव कोटि आश्रम महाराज मुख्य अथिति के रूप में उपस्तिथ रहकर आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम में मंच संचालन महासचिव संजय शर्मा ने किया। इस अवसर पर ब्राह्मण संघ अध्यक्ष बजरंग लाल पारीक व मारवाड़ी सेवा समिति अध्यक्ष कैलाश गोयल ने दीपावली की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर ब्राह्मण संघ के भूतपूर्व अध्यक्ष व सलाहकार ओमप्रकाश जोशी व प्रमुख सलाहकार व नेपाल पारीक परिषद के अध्यक्ष रतनलाल व्यास और नेपाल मारवाड़ी ब्राह्मण संघ के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# छात्र-छात्राओं ने जाना सीवरेज परियोजना का महत्व

## बी.आर. खोखर मेमोरियल शिक्षण संस्थान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन शहर में नई पेयजल वितरण प्रणाली व सीवरेज परियोजना के कार्य कर रही राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत रूडिप के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार जैन के निर्देशन में सोमवार को शहर के बी.आर. खोखर मेमोरियल षिक्षण संस्थान पदमपुरा रोड कुचामन में विद्यार्थी जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं को सीवरेज व जलप्रदाय परियोजना से होने वाले लाभों के बारे में, कार्यो में सहयोग, सहभागिता, रखरखाव, जल संरक्षण एवं सीवरेज कनेक्षन पर किया जागरूक। इस कार्यक्रम में परियोजना कार्यो में बच्चों की भूमिका पर बोलते हुये कैम्प के सामाजिक विकास विशेषज्ञ देवेन्द्र सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही लाभकारी परियोजना रूडिप के माध्यम से कुचामन शहर में सीवरेज लाईन डालने का



कार्य प्रगति पर है और आगामी सीवर प्रणाली से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया साथ ही सीवर प्रणाली को सुचारू रखने के लिए जानकारी दी गई और कहा कि सीवरलाईन लाईन चालू होने के बाद शहर साफ सुधरा सुन्दर स्वच्छ बनेगा गन्दगी से फेलने वाली बीमारियों से निजात मिलेगी साथ ही कहा कि सीवरेज लाईन के मेनहॉल एवं चैम्बर में पत्थर, मलबा एवं पॉलिथिन नहीं डालें, गर्भनिरोधक व सेनेटरी नेपकिन को शौचालयों में प्रवाहित ना करें। साथ ही स्थानीय विद्यालय परिवार के गोविन्दाराम शेषमा एवं जगदीश खोखर व्यवस्थापक ने बताया कि छात्र-छात्राओं को नई जलप्रदाय योजना से होने वाले लाभों के बारे मे जानकारी देते हुए कहा कि आम जन को नई जल प्रदाय योजना के अन्तर्गत पानी पर्याप्त एवं पूर्ण प्रेषर के साथ मिलेगा, जलमीटर से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी और बच्चों से अपील कि पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें आवष्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें पानी की एक-एक बून्द बचाए क्योंकि यह आज की बचत कल का भविष्य है इसलिए पानी को किसी भी प्रकार से बर्बाद नहीं करें और ना ही दूसरों को करने दें। जितना हो सके उतना पानी कम खर्च करें। जो आज की बचत और कल का भविष्य है।

इसी क्रम में स्थानीय विद्यालय परिवार के अहमद अली प्रधानाचार्य ने आरयूआईडीपी परियोजना के विकास कार्यो पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आने वाले समय में आमजन को परियोजना के कार्यो से लाभान्वित होंगे तथा शहर स्वच्छ व सुन्दर बनेगा इसमें हम सब का सहयोग अपेक्षित है। इसी क्रम में स्थानीय विद्यालय परिवार के अमित जाखड़ ने अपने उद्बोधन में बोलते हुये कहा कि कुचामन शहर में आरयूआईडीपी परियोजना का जहॉ भी कार्य प्रगति पर है वहा पर नहीं जाए, उन जगहों से बचकर निकलें साथ ही कहा कि सरकार द्वारा चलाये जा रहे विकास कार्यो में अपना सकारात्मक सहयोग प्रदान करें।

# थांवला को हरा टापरवाड़ा ने जीता कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब



जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम टापरवाड़ा में खेली जा रही रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में थांवला को हरा मेजबान टापरवाड़ा ने कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीत लिया। मैच में टापरवाड़ा ने 62-40 के बड़े अंतर से ट्रॉफी पर कब्जा किया। समापन समारोह में सरपंच कमला गोदारा ने विजेता टीम को पारितोषिक वितरण किया गया। इस मौके पर समाजसेवी मूलाराम गोदारा, चेनाराम गोदारा, दुर्गाराम बाज्या, खाकीराम तलेच, रामलाल पूनिया, शोभाराम भांबू, हजारीराम पूनिया, शिवजीराम भांबू, रामचंद्र नेहरा, राजूराम भांबू, चेनाराम बाज्या, तुलछाराम भांबू, घासीराम पूनिया, दयाराम आदि ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मानव सेवा को मिशन मानकर कार्य करें - चौधरी

## वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति एंव भाविप का स्नेह मिलन समारोह आयोजित



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति डेगाना के तत्वावधान में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ. आरके चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया गया। डेगाना शहर के मेलाणा हाउस पर आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ नागरिकों, भाविप ओर गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर सामाजिक, राजनीतिक प्रशासनिक ओर शहर की विभिन्न समस्याओं पर गहनता के साथ मंथन किया। ओर लोगो की जन समस्याओं के लिए मिलकर समाधान कराने के प्रयास करने का निर्णय लिया, जिससे शहर मे सामाजिक सद्बभाव बना रहे ओर नागरिक शांति के साथ चैन की सांस ले सके। इस अवसर पर डॉ. आरके चौधरी ने कहा कि सेवा निवृति के बाद उन्होंने जन सेवा को ही एक मात्र अपना लक्ष्य बना लिया है। सामाजिक कार्यकर्ता बिरदीचंद तोषनीवाल ने ऐसे आयोजनों की जमकर सराहना की तथा एकजूट होकर शहर के लोगो की भलाई में आगे आने का आह्वान किया। प्रिंसीपल श्रवणलाल आचार्य, भाविप के सरंक्षक डॉ. केसी माथुर, डॉ. एसएन माहेश्वरी, कन्हैयालाल सोनी आदि वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे ओर ऐसे आयोजन बार बार करने का निर्णय लिया। भाविप के अध्यक्ष डॉ. आरके चौधरी ने सभी लोगो को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं देकर सभी लोगो का स्वागत किया। इस सम्मेलन में नागरिक सेवा समिति के सदस्यों, भारत विकास परिषद के डेगाना के अलावा वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया और एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएं एवं बधाई संदेश दिया।

### ये रहे मौजूद

तहसील कार्यालय डेगाना के सामने स्थित मेलाणा हाउस में आयोजित इस स्नेह मिलन समारोह में डॉक्टर एस.एन. माहेश्वरी, डॉक्टर के.सी. माथुर, डॉक्टर संजय केडिया, कन्हेयालाल स्वर्णकार, आशाराम मुंडेल, श्रीपाल, भंवर लाल सारण, भानु टाक, रमेश तापड़िया, बिरदीचंद तोषनीवाल, श्रवण आचार्य, ओमप्रकाश टेलर, छोटूलाल टाक, श्रीकिशन जांगू, श्रवनराम किलक, राधेश्याम करवा, रामकुवांर, नंदलाल अरोडा, शैरूखान, नूर मोहम्मद, अब्दुल गनी आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कुचामन कॉलेज में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचामन महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाई द्वारा आयोजित दो दिवसीय शिविर के दूसरे दिन लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती और राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रूपचंद भाटी ने बताया कि सर्वप्रथम सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा 563 रियासतों के एकीकरण कर भारत के निर्माण में उनके योगदान को याद किया गया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी कृष्णा शेखावत के नेतृत्व में रन फोर यूनिटी और फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 के तहत कॉलेज परिसर और कॉलेज ट्रेक पर प्रत्येक विद्यार्थी ने लगभग 3




किलोमीटर सामूहिक दौड़ लगाई। 100 मीटर पुरुष दौड़ में विजेंदर सिंह प्रथम, ज्ञानाराम द्वितीय, जितेंद्र सिंह तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर महिला दौड़ प्रतियोगिता में सोनू प्रथम, सीमा द्वितीय, कोमल कंवर तृतीय स्थान पर रही, 200 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता में वीरेंद्र सिंह प्रथम, अर्जुन सेन द्वितीय, ज्ञाना राम तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता में योगेश नायक प्रथम, जितेन्द्र द्वितीय, दिनेश पुरी तृतीय स्थान पर रहे।

1600 मीटर पुरुष दौड़ प्रतियोगिता में नवरतन प्रथम, योगेश नायक द्वितीय पर रहे। कार्यक्रम के दौरान व्याख्याता महेंद्र मिश्रा डॉ. रण सिंह चौधरी, अमित सेवदा, टी. सी. माली, संजय जांगिड़, पियूष गौतम, शिखा सोनी, कमल जैसवाल, सांवरमल शर्मा, हेमंत शर्मा, हेमन्त चौधरी, राजेश गुर्जर, गिरिराज कुमावत, अशोक गर्ग, प्रकाश गुर्जर, चिरंजी लाल, सुरेन्द्र कुमावत, विक्रम स्वामी मौजूद रहे।

# श्री विश्वकर्मा मंदिर में अन्नकूट महोत्सव का हुआ आयोजन



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** श्री विश्वकर्मा मंदिर न्यू कॉलोनी कुचामनसिटी में अन्नकूट महोत्सव कार्यक्रम में पुजारी भंवरलाल पारीक (पुरोहित) एवं बजरंग लाल पारीक द्वारा महाआरती व भोग तथा पूजार्चना की गई। अन्नकूट महोत्सव में श्री विश्वकर्मा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक हरिश्चंद्र कुमावत एवं सचिव बजरंगलाल किरोड़ीवाल तथा सदस्य मुकेश कुमार मारवाल, विनोद कुमार मारवाल तथा कुचामन शहर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति पूर्व विधायक विजय सिंह चौधरी, खारिया सरपंच देवीलाल दादरवाल, पार्षद नरसीराम कुमावत, राष्ट्रीय हिंदू युवा वाहिनी नागौर जिला संरक्षक मुन्ना लाल काछवाल, राजेश कुमावत, पूसाराम कुमावत, उपसभापति हेमराज चावला, गोविंदलाल मारवाल, राजेश मारवाल, ओम मनोहर मारवाल, गोविंद लाल किरोड़ीवाल, खेताराम सिसोदिया, ओंकारमल अग्रवाल, सुरेश गट्टानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# राजनीति की भेंट चढ़ा नहरी पानी की टँकी का निर्माण

## 7 दिनों निर्माण कार्य शुरू नहीं करने पर धरने की चेतावनी

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के गांव हीरावती में नहरी पानी की टंकी का निर्माण करवाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने लाडनूँ एसडीएम अनिलकुमार को ज्ञापन सौंपकर आगामी एक सप्ताह में समस्या समाधान नहीं करवाने पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी है। ग्रामीणो ने बताया कि तहसील के चुण्डासर व हीरावती गांव में लंबे समय से पेयजल संकट से लोग परेशान रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए जलदाय विभाग को गांव के भामाशाह द्वारा टंकी निर्माण के लिए भूमि भी दान की गई है। दानदाता को विभाग ने यहां पर शीघ्र टँकी निर्माण कार्य शुरू करवाने का आश्वासन भी दिया गया था। मगर अब समय बीत जाने के बाद भी यहां ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य चालू नहीं किया



जा रहा और न ही यहां कोई निर्माण सामग्री डाली गई है।उन्होंने इसमे राजनीति द्वेषता का आरोप भी लगाया है। इसके चलते परेशान ग्रामीणों ने सोमवार को ज्ञापन देकर आगाह किया है कि आगामी 7 दिनों में यहां मीठे पानी की टंकी का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए अन्यथा ग्रामीणों द्वारा धरना दिया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान सरपँच गणेशाराम चबराल, उप सरपंच चेतन मेघवाल, प्रेमदास स्वामी, किशनाराम डूडी, युवा समाजसेवी चंदन डूडी आदि बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# भारत की एकता व अखंडता के शिल्पकार थे सरदार पटेल

## मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** स्टेशन रोड स्थित मारवाड़ पीजी महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर भारत के लौह पुरुष के नाम से विख्यात सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास से मनायी गयी। इस अवसर पर महाविद्यालय के निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़, अध्यक्ष बनवारी लाल पचार, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार बिजारणिया तथा प्राचार्य डॉ. एस.आर. कुमावत ने भारत रत्न सरदार बल्लभ भाई पटेल के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर राष्ट्रीय एकता के नायक को याद किया। इस अवसर पर निदेशक सुल्तान सिंह थालोड़ ने बताया कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत की रियासतों का विलय कर भारत को एक राष्ट्र बनाया था, जिसके कारण ही वल्लभ भाई पटेल की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के कला व संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. एस. आर. कुमावत ने बताया कि सरदार पटेल भारत की एकता व अखंडता के शिल्पकार थे, जिन्होंने भारत की एकता की कल्पना भारत के स्वतंत्र होते ही कर ली थी तथा उन्होंने भारत की अखण्ड लोकतान्त्रिक व्यवस्था स्थापित करने के लिए रियासतों का विलय करने जैसा महत्वपूर्ण कदम उठाया।

### सरदार पटेल द्वारा किये गए कार्यों के प्रति राष्ट्र हमेशा रहेगा कृतज्ञ

इस अवसर पर महाविद्यालय के कला विभाग के विभागाधिकारी ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े सरदार पटेल के संघर्षों और बलिदानों को याद रखते हुए भारत सरकार द्वारा उनकी जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस की घोषणा की चर्चा विद्यार्थियों से करते हुए बताया कि भारत जैसा देश, जो विविधताओं से भरा है, जहां विभिन्न धर्म, जाति, भाषा, सभ्यता और संस्कृतियां पायी जाती है, वहाँ एकता को बनाए रखना बहुत महत्वपूर्ण है। अपने धन्यवाद उद्बोधन में अध्यक्ष पचार तथा कोषाध्यक्ष बिजारणियां ने सरदार पटेल द्वारा भारत की एकता हेतु किये गए उल्लेखनीय कार्यों की विवेचना करते हुए बताया कि सरदार पटेल द्वारा किये गए कार्यों के प्रति राष्ट्र हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र चौबदार, एचडीएफसी बैंक के श्रीकांत दाधीच, ईश्वरराम बुगालिया, डॉ. प्रतीक सोनी, सुखराम चौधरी, सुरेश कुमार मिश्रा, कमलेश कुमार जाट, बलवीर लोछब, मनीष मेघवंशी, जगदीश बिश्नोई, दिव्या सिंह, कांता बिश्नोई, मोनिका शर्मा, निकिता, शिवानी, पवन शर्मा तथा शंकरलाल आदि उपस्थित रहे।




# लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर पटेल को किया नमन

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लॉयन्स क्लब कुचामन फोर्ट ने लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनकी जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर याद कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

क्लब अध्यक्ष लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत, संस्थापक अध्यक्ष लॉयन राम काबरा, सचिव लॉयन विशाल डालुका, उपाध्यक्ष लॉयन मुरलीधर गोयल, लॉयन प्रहलाद रांकावत, सह सचिव लॉयन रचित नंदवाना, सर्विस चैयरपर्सन लॉयन जितेन्द्रसिंह राजपुरोहित, नरेश कुमावत ने देश के प्रथम गृह मंत्री पटेल के चित्र को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किये एवं उनके बताए मार्गों पर चलने की शपथ ली तथा देश भक्ति से ओतप्रोत नारे लगाये। लॉयन राम काबरा ने बताया भारत रत्न वल्लभ भाई ने पूरे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर भारत की एकता एवं अखंडता का संदेश दिया था इसी वजह से उनकी जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के तौर पर मनाया जाता है ताकि युवा पीढ़ी को राष्ट्रीय एकता का संदेश मिले। लॉयन द्वारकाप्रसाद कुमावत ने बताया पटेल के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हैदराबाद जैसी कई रियासतें भारत में है। लॉयन विशाल डालुका ने बताया सरदार पटेल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है।




# रन ऑफ यूनिटी के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म दिवस मनाया



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** सोमवार को सन ऑफ यूनिटी के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर डेगाना उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद डेगाना मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य पुनाराम महिया व स्काउट गाइड की टीम ने मिलकर रैली का आयोजन किया गया डेगाना उपखंड कार्यालय से डिप्टी कार्यालय तक आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल, डिप्टी नंदलाल सैनी मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य पुनाराम महिया, संजय परिहार, सुनील कनोदिया, श्रीनिवास जाट, सुरेंद्र जाखड़, बालिका विद्यालय प्रधानाचार्य विष्णु कांत शर्मा, स्काउटर कानाराम पलिया सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी गढ़वाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

# मूण्डवा में आयोजित हुई उपखंड स्तरीय 'रन फॉर यूनीटी'

## हजारों विद्यार्थियों अधिकारियों व कार्मिकों ने ली एकता और सद्भावना की शपथ





अ.रहमान देवड़ा

**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** यहाँ के मूंडवा उपखंड मुख्यालय पर लौहपुरुष सरदार पटेल की जयंती और आइरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि के अवसर पर एकता दिवस और सद्भावना दिवस मनाया गया। हजारों विद्यार्थियों अधिकारियों और कार्मिकों ने एकता और सद्भावना की शपथ ली। तहसीलदार मूंडवा के मुख्य आतिथ्य में यह आयोजन राउमावि मूंडवा के प्रांगण में आयोजित किया गया। तहसीलदार मनीराम खीचड़, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पिंटु लाल जाट व नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई ने हरी झंडी दिखाकर 'रन फॉर यूनिटी' के लिए दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर तहसीलदार मनीराम खीचड़, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पिंटु लाल जाट, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुभाष कंदोई, बालिका विद्यालय के प्राचार्य भँवरलाल जाट, प्राचार्य अनूप शेखावत, राकेश चौधरी, आर पी नृसिंह ईनाणियां, घेवर राम ईनाणियां, आर आई भीयांराम ईनाणियां, हनुमान राम पीओ सहित नगरपालिका स्टॉफ, पुलिस स्टॉफ व शिक्षा विभाग के कार्मिकों ने भी भाग लिया।

# केसर देवी स्कूल के विद्यार्थियों ने रन फॉर यूनिटी में लिया भाग

## राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी का हुआ आयोजन

सुशील दिवाकर




**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता सिटी शहर के जोधपुर बोरुंदा रोड स्थित केसर देवी स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी में भाग लिया। सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में केसर देवी स्कूल के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने इस दौड़ में हिस्सा लेकर एकता का संदेश दिया। इससे पूर्व विद्यार्थियों और शिक्षकों को विद्यालय निदेशक श्रीमती ऊषा चौधरी ने झंडा दिखा कर दौड़ का शुभारंभ किया। विद्यालय प्रधानाचार्य प्रियंका बेहरा ने बताया की भारत अपनी एकता और अखंडता के लिए विश्व भर में जाना जाता है और राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों से सभी को एकता का संदेश जाता है। इस दौड़ में कक्षा 10 और 11 के विद्यार्थियों और सभी शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में विद्यार्थियों ने सरदार वल्लभ भई पटेल के विशाल व्यक्तित्व के बारे में जानकारी दी। विद्यालय के शिक्षक कानाराम ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ दिलायी। इस अवसर पर स्कूल वाइस प्रिंसिपल मंजुला सोनी, दिनेश सर, सुमित सर, जय दिवाकर, अशोक जांगिड़, कानाराम जांगिड़, रूप कंवर, महिपाल सिंह, राजेश सर, पूजा व्यास, दीप्ति, आरती, कुसुम, मनीषा अरोड़ा मौजूद रहे।



# लौह पुरूष पटेल के जन्मदिन पर रन फोर युनिटी के तहत दौड़े डेगानावासी

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती उत्साह पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर डेगाना उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मोजूद शिक्षाविद्वों ने सरदार पटेल की जीवनी के बारें मे लोगो को जानकारी दी तथा पटेल द्वारा देश में लिए दिये योगदान के बारें मे बताया। जिस प्रकार से उन्होंने देश की एकता के लिए अनेकों राजे रजवाडों ओर रियासतों को देश मे मिलाकर मजबूत ओर एकजूट राष्ट्र की नींव रखी। जयंती समारोह के बाद रन फोर युनिटी के नाम से दोड़ का आयोजन किया गया, जिसमे कई स्कूलों के विद्यार्थियों विद्यार्थियों के अलावा शहर के अधिकारी ओर नागरिकों ने एसडीएम कार्यालय से लेकर अस्पताल होकर डीएसपी कार्यालय ओर पुलिस थाने तक दौड़ लगाई, जिसमें मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य पूनाराम महिया व स्काउट गाइड की टीम ने मिलकर रैली का आयोजन किया गया। मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी रामनिवास शर्मा ने जानकारी देकर बताया की दौड में उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल, डिप्टी नंदलाल सैनी मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य पूनाराम महिया, संजय परिहार, सुनील कनोदिया, श्रीनिवास जाट, सुरेंद्र जाखड़, बालिका विद्यालय प्रधानाचार्य विष्णु कांत शर्मा, स्काउटर कानाराम पलिया सहित शिक्षा विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। उपखंड अधिकारी गढ़वाल ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के विचारों को सभी को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

# अपने बच्चों को मोबाईल की लत से बचाएं अभिभावक : शेख मदनी

## जमीअत अहले हदीश के तत्वावधान में विशाल अमन कॉन्फ्रेंस हुई आयोजित

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** जमीअत अहले हदीश संस्था लाडनूँ के तत्वावधान में शहरिया बास गुवाड़ में विशाल अमन कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर के मशहूर मदनी उलेमाओं ने शिरकत कर समाज में व्याप्त बुराईयों पर प्रकाश डालते हुए सामाजिक सुधार की बात कही। इस अवसर पर शेख कमालुद्दीन सनाबिली ने रिश्तों की अहमियत मजमून पर रोशनी डालते हुए कुरान की रोशनी में बताया कि हमारे सबसे बेहतर सलूक के अधिकारी हमारे मां बाप है। उनको नाराज रखने वाले कभी खुश नहीं रहते। बूढ़े माता पिता से औलाद बैठकर हॉल जान लें तो उनकी आधी बीमारियां खत्म हो जाती है। उनके बाद पड़ोसियों के साथ अच्छा बर्ताव रखना जरूरी बताया। वक्ता रजाउल्लाह अब्दुल करीम मदनी ने बताया कि बदगुमानी से समाज मे अनेक बुराइयां पैदा हो जाती है इससे कई तरह के बिगाड़ हो जाते है। उन्होंने समाज मे मुस्लिम घरों में महिलाओं के हालात व उसके समाधान पर भी चर्चा की। मुख्य वक्ता के रूप में शमीम फौजी मदनी ने मुस्लिम समाज मे युवाओं कर्तव्य एंव उनकी जिम्मेदारियों पर बयान किया। उन्होंने कौम की युवा बेटियों से अपने दीन के दायरे में रहकर इस्लामिक शिक्षा के साये में दुनियावी शिक्षा ग्रहण करने की हिदायत दी।

**नशे के नुकसान गिनाए :** उन्होंने शराब, सिगरेट व तम्बाकू से होने वाले नुकसान बताए व इस्लाम धर्म में नशे वाली सभी प्रकार की चीजों की मनाही का जिक्र किया। इस दौरान उन्होने वर्तमान समय एंड्रॉयड व स्मार्ट फोन से होने वाले नुक्सानात से युवाओं को सतर्क किया। इससे होने वाले सामाजिक बिगाड़ व कॅरिअर की तबाही का कारण बताया।

कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद शब्बीर, मौलाना नईमुद्दीन, शेख इसहाक सनाबली, हाफिज मुहम्मद जावेद बल्खी, मौलाना सैयद हसनैन , मौलाना अब्दुस्सलाम मदनी आदि मंचस्थ रहे। इस दौरान प्रदेशभर से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की निजामत व संचालन फजीलतुश्शेख साबिर सल्फी ने किया।

# अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को मिलें योजनाओं का लाभ : सरपंच अख्तर

जुगल दायमा

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** सोमवार को ग्राम भकरी के आईटी केंद्र में विश्व एकता दिवस ग्राम सभा की बैठक सरपंच अख्तर हुसैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई एवं प्रस्तावित कार्यों पर मुहर भी लगाई गई। बैठक में सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से चर्चा की गई तथा मौजूदा प्रबंधन पर सुझाव भी प्रेषित किए गए। बस स्टैंड पर नवनिर्मित शौचालय की सफाई व्यवस्था दुकानदारों के सहयोग से संचालित करने पर सहमति प्रदान की गई। सभा में सरपंच अख्तर ने कहा कि क्षेत्र के चहुंमुखी विकास में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी। गांव में आधारभूत सुविधाओं के साथ विकास कार्यों के लिए बजट की कमी नहीं है। सड़क,पानी,बिजली से जुड़े काम प्राथमिकता से करवाए जा रहे हैं। अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति को तक राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया मिलना चाहिए। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी रामकुंवार मौर्य, पेफ सिंह शेखावत, भंवरलाल जाखड़, वार्डपंच मेहबूब अली, पूरणमल, लालचंद, सत्यनारायण, कन्हैयालाल वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com